पत्र संख्या-स्था0-आई0टी0अनु0-ज्येष्ठता सूची पत्रावली-(2012-13)/ 1230 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(आई0टी0-अनुभाग)

दिनॉक // लखनऊ // फरवरी, 19 2013

## // कार्यालय ज्ञाप //

कम्प्यूटर संवर्ग के पंच आपरेटर, कनिष्ठ लिपिक (कम्प्यूटर) / कम्प्यूटर सहायक एवं सुपरवाइजर (कम्प्यूटर) के पद पर नियुक्त कर्मचारियों की अन्तिम ज्येष्ठता सूची उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के प्राविधानों के अनुसार विभाग द्वारा पूर्व में जारी की गयी है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

1- मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था0-5(ख)-ज्येष्ठता सूची-कम्प्यूटर-(1993-94)/ 739 /बिक्रीकर दिनॉक 15-05-2012 द्वारा सुपरवाइजर(कम्प्यूटर) की ज्येष्ठता क्रमांक-1 से 24 तक, कनिष्ठ लिपिक कम्प्यूटर / कम्प्यूटर सहायक की ज्येष्ठता क्रमांक-1 से 33 तक तथा पंच आपरेटर की ज्येष्ठता क्रमांक-1 से 192 तक अलग-अलग जारी की जा चुकी है।

2- शासनादेश संख्या- क0नि0-4-668/11-2005-400(19)/2004 दिनॉक 30-06-2005 से विभाग में कार्यरत पंच आपरेटर, कनिष्ठ लिपिक (कम्प्यूटर) व कम्प्यूटर सहायक को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए पदनाम अनुमन्य किया गया है, जिसके कारण कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था0 आई0टी0अनु0-ज्येष्ठता सूची पत्रावली-(2012-13)/ 286 / वाणिज्य कर दिनॉक 28-06-2012 से प्रसारित की गयी थी। उक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित की गयी थी कि इसे सम्भाग के सम्बन्धित कार्मिकों को अवलोकित करा लें तथा यदि कोई त्रुटि / विषमता हो तो लिखित प्रत्यावेदन प्राप्त कर संस्तुति सहित दिनॉक 12-07-2012 तक प्रत्येक दशा में मुख्यालय को उपलब्ध करा दें।

3- मुख्यालय के उक्त पत्र से प्रसारित अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के सम्बन्ध में निम्नलिखित कर्मचारियों के प्रत्यावेदन उनके सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी के माध्यम से प्राप्त हुये हैं :-

1- श्री राजेन्द्र प्रसाद, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए (अनन्तिम ज्येष्ठता क्रमांक-65)

2- श्री झाऊ लाल उर्फ संजय कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए (अनन्तिम ज्येष्ठता क्रमांक-185)

3- श्रीमती आशा गुप्ता, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए (अनन्तिम ज्येष्ठता क्रमांक-112)

(1) श्री राजेन्द्र प्रसाद, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए कार्यालय असिस्टेन्ट कमिश्नर(ए)वाणिज्य कर आजमगढ में तैनात हैं। इनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन में उल्लेख किया गया है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में इनका गृह जनपद वाराणसी अंकित है जबकि इनका गृह जनपद चन्दौली है।

upload करें। 20/2/13 AC(IT)

श्री राजेन्द्र प्रसाद के सम्बन्ध में असि0कमि0(ए)वाणिज्य कर आजमगढ़ द्वारा अपने पत्र संख्या-422 दिनॉक 10-07-2012 द्वारा इनके गृह जनपद वाराणसी से चन्दौली किये जाने हेतु प्रेषित किया गया है। श्री राजेन्द्र प्रसाद के उक्त प्रत्यावेदन में उल्लिखित अनुरोध, प्राप्त साक्ष्य के आधार पर स्वीकार योग्य पाया गया है।

(2) श्री झाऊ लाल उर्फ संजय कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए कार्यालय डिप्टी कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर कानपुर में तैनात हैं। इनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन में उल्लेख किया गया है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में इनका नाम संजय कुमार उर्फ झाऊ लाल अंकित है जबकि इनका नाम झाऊ लाल उर्फ संजय कुमार है।

श्री झाऊ लाल के सम्बन्ध में वाणिज्य कर अधिकारी(प्रभारी चालान कक्ष), कानपुर ने अपने पत्र संख्या-25 दिनॉक 11-07-2012 द्वारा इनका नाम संजय कुमार उर्फ झाऊ लाल के स्थान पर इनका नाम झाऊ लाल उर्फ संजय कुमार किए जाने हेतु प्रेषित किया गया है। श्री झाऊ लाल के प्रत्यावेदन में उल्लिखित तथ्य प्रत्यावेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र / साक्ष्यों के आधार पर स्वीकार किया जाता है।

(3) श्रीमती आशा गुप्ता, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए कार्यालय ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक) वाणिज्य कर कानपुर सम्भाग-सी, कानपुर में तैनात हैं। इनके द्वारा अपने प्रत्यावेदन में उल्लेख किया गया है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में इनकी जन्मतिथि 10-08-1956 अंकित है जबकि इनकी जन्मतिथि 10-08-1955 है।

श्रीमती गुप्ता के सम्बन्ध में ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्य कर सम्भाग-सी कानपुर ने अपने पत्र संख्या-990 दिनॉक 12-07-2012 व पत्र संख्या-3050 दिनॉक 19-01-2013 द्वारा इनकी जन्मतिथि 10-08-1956 के स्थान पर 10-08-1955 अंकित किये जाने हेतु प्रेषित किया गया है। श्रीमती गुप्ता के प्रत्यावेदन में उल्लिखित तथ्य ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्य कर सम्भाग-सी, कानपुर की संस्तुति / प्रमाण पत्र के आधार पर स्वीकार किया जाता है।

अत: उक्त कर्मचारियों से प्राप्त प्रत्यावेदन / आपत्तियों पर सम्यक विचारोपरान्त आपत्तियों का उक्तानुसार निराकरण / निस्तारण करते हुये मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था0 आई0टी0अनु0-ज्येष्ठता सूची पत्रावली-(2012-13)/ 286 / वाणिज्य कर दिनॉक 28-06-2012 से प्रसारित कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में उक्त तीनों संशोधनों का समावेश करते हुये कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए की अन्तिम ज्येष्ठता सूची क्रमांक- 01 से 206 तक प्रसारित की जा रही है।

<u>संलग्नक:</u>- <u>उक्त ज्येष्ठता सूची</u>
<u>क्रमांक-01 से 206 तक</u>

ह0/-
(बी0 राम शास्त्री)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

<u>पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनॉक उक्त।</u>

<u>प्रतिलिपि</u> :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित कर्मचारियों को एक-एक प्रति अपने स्तर से फोटोकापी कराकर प्राप्त करा दें।
3- संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण)वाणिज्य कर प्रशिक्षण संस्थान, गोमतीनगर, लखनऊ।
4- प्रान्तीय अध्यक्ष, प्रान्तीय महामंत्री, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर(ई0डी0पी0)कम्प्यूटर संवर्ग सेवा संघ।
5- वाणिज्य कर मुख्यालय पर कार्यरत कम्प्यूटर संवर्ग के समस्त कार्मिकों को।
6- गार्डफाइल में रखने हेतु 05 प्रतियॉ।

18/02/2013
(नर सिंह)
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(आई0टी0)वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।